दिनांक : 05/05/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार:-

- पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित। बंगाल और असम में भाजपा को बहुमत।
- समाज सेवा में ही जीवन की सार्थकता, कहा-राज्यपाल ने।
- प्रदेश में अब तक 39 लाख दो हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदी। तोल पर्ची बनाने का समय रात 10 बजे तक बढ़ाया गया।
- आईपीएल में मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को हराया। आज दिल्ली कैपिटल्स और चैन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला।

प्रधानमंत्री मोदी - भाजपा

भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में जबर्दस्त जीत हासिल कर इतिहास रच दिया है। पार्टी ने विधानसभा की 206 सीटे जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। असम में सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। विधानसभा की 126 सीटों में से भाजपा और उसके सहयोगी दल 102 सीटे जीत चुके हैं। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में विजय के नेतृत्व में तमिलगा वेत्री कड़गम- टी.वी.के. सबसे बडी पार्टी के रूप में उभरी है। केरल में सभी 140 सीटों के परिणाम घोषित हो गए हैं। यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट-यूडीएफ ने 102 सीटों पर शानदार जीत दर्ज की है, जो सत्ता में उसकी निर्णायक वापसी का संकेत है। पुडुचेरी में कुल 30 सीटों में से 29 सीटों के परिणाम आ चुके हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और केरल की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कल दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि आज का दिन देश के लिए नए सवेरे का प्रतीक है और जनता ने भारत के महान लोकतंत्र, प्रदर्शन की राजनीति और एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना में अपना विश्वास जताया है।

दीक्षांत समारोह- राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि समाज की सेवा में ही जीवन की सार्थकता है। भारतीय संस्कृति के ध्येय वसुधैव कुटुम्बकं के अनुसार शिक्षित व्यक्ति का परम कर्तव्य वंचितों और गरीबों की खुशहाली और उत्थान के लिए कार्य करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा है कि आत्मविश्वासी, नवाचारी और जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी शिक्षा और प्रतिभा के द्वारा आत्मनिर्भर, समृद्ध, सशक्त और विकसित भारत बनाने में सहभागिता करें।

राज्यपाल श्री पटेल कल भोपाल में एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने फार्मेसी, विधि, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, पत्रकारिता और मेडिकल साइंस के क्षेत्र में पी.एच.डी. उपाधि और स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की।

एलपीजी सिलेंडर

देश में गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने कल एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा, एलपीजी वितरकों के लिए कोई कमी नहीं हुई है। कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई लगभग 70 प्रतिशत तक बहाल कर दी गई है।

वहीं उन्होंने कहा कि अप्रैल में 2.15 लाख टन से ज्यादा कमर्शियल एलपीजी बेची गई। अब तक ऑटो एलपीजी की बिक्री लगभग 11,100 टन तक पहुँच गई है। इस महीने 23 लाख से ज्यादा 5-किलो वाले सिलेंडर बेचे गए हैं। 3 अप्रैल से अब तक 10,000 से ज्यादा जागरूकता शिविर आयोजित किए गए हैं।

गेहूं खरीदी- खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 7 लाख 48 हजार किसानों से 39 लाख 2 हजार मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। उन्होंने बताया है की तौल पर्ची बनाने का समय शाम 6 बजे से बढ़ाकर रात 10 बजे तक तथा देयक जारी करने का समय रात 12 तक कर दिया गया है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि अभी तक 14 लाख 75 हजार किसानों द्वारा गेहूँ उपार्जन के लिए स्लॉट बुक कराए गए हैं। किसानों के हित में गेहूँ उपार्जन की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई 2026 तक की गई। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 की गई तथा तौल कांटों की संख्या में वृद्धि का अधिकार जिलों को दिए जाने का निर्णय लिया गया।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा-समीक्षा-उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कल मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में भर्ती प्रक्रिया एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार और चिकित्सा शिक्षा के विस्तार के लिए समयबद्ध एवं समन्वित रूप से कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ग्वालियर मेडिकल कॉलेज में सीटीवीएस एवं ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की स्वीकृति संबंधी कार्यवाही को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन भुगतान में किसी प्रकार की देरी न होने पर विशेष बल दिया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बुधनी, दमोह एवं छतरपुर मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा आवश्यक फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राज्य आनंद संस्थान- प्रशिक्षण कार्यक्रम

राज्य आनंद संस्थान द्वारा प्रदेश में शिक्षा को मानवीय एवं मूल्य-आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत प्रदेश के शासकीय स्कूली शिक्षकों के लिये 6 दिवसीय आवासीय कार्यशालाओं की श्रृंखला आयोजित की जा रही है, जिसका शुभारंभ वाल्मी, ईटीसी सेंटर नीलबड़ और राज्य आनंद संस्थान में मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष कुमार ने किया। इस व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 18 कार्यशालाएँ आयोजित होंगी, जिनमें प्रदेश के सभी जिलों से लगभग 2160 शिक्षक सहभागिता करेंगे।

पुलिस ट्रेनिंग- प्रदेश

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़, तकनीकी रूप से सक्षम तथा भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नेशनल सिक्योरिटी गार्ड के सहयोग से आयोजित कॉम्प्रिहेन्सिव कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम का कल रवीन्द्र भवन में समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 07 अप्रैल से 04 मई 2026 तक स्पेशल ब्रांच ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश की विभिन्न विशेष इकाइयों के चयनित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि वर्तमान समय में ड्रोन हमलों सहित नई प्रकार की आतंरिक सुरक्षा चुनौतियां सामने आ रही हैं, जिनसे निपटने के लिए इस प्रकार का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है।

मौसम

अब खबर मौसम की, प्रदेश पिछले चार दिनों से तेज गर्मी के साथ ही कई जिलों में आंधी और हल्की बारिश का दौर चल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आज प्रदेश के कई जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट है।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में, मुंबई इंडियंस ने कल रात मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स को छह विकेट से हरा दिया। आज, दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शाम साढे सात बजे से होगा।

समाचार संक्षेप में:-

- सतना शहर को स्वच्छ और हरित बनाने की दिशा में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने हरी झंडी दिखाकर 10 इलेक्ट्रिक वाहनों का शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल ग्वालियर प्रवास के दौरान गोले के मंदिर के समीप निर्माणाधीन आरोग्यधाम सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय की ओपीडी का अवलोकन किया।
- झाबुआ कलेक्टर ने कल सर्व शिक्षा अभियान की समीक्षा के दौरान नामांकन, ट्रांजिशन दर, ड्रॉप आउट, एफएलएन गतिविधियां, साइकिल वितरण, अपार आईडी के संबंध में दिशा निर्देश दिये।
- बड़वानी में आज शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानयुवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।
- डिंडोरी जिला प्रशासन द्वारा कल गल्ला गोदाम मंडी में चाट-चैपाटी का शुभारंभ किया गया।
- नीमच के मनासा में शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्यवाही प्रशासन द्वारा की गई।
- बैतूल कलेकटर ने कल जनगणना कार्य की समीक्षा करते हुए हाउस लिस्टिंग ब्लॉक जनगणना और अन्य विभागीय कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए।

-------------